रविवार
28 मई, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



सभी बूथों पर होगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था असामाजिक तत्वों पर रहेगी नजरः एसडीओ 3



# दो साल में 10 गुना बढ़ा गंगा में प्रदूषण, पानी पीना तो दूर नहाना भी मुश्किल

- पटना के बाद बक्सर से लेकर कहलगांव तक गंगा नदी के पानी में सबसे ज्यादा प्रदूषण पाया गया
- मानकों के अनुसार यहां गंगा का पानी पीना तो दूर नहाने के लायक भी नहीं
- पटना के गांधी घाट और गुलबी घाट में कुल कोलीफॉर्म की संख्या प्रति सौ मिलीलीटर पानी में 16000 मिली



**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्लास्टिक की थैलियों, दूध की पॉलीथीन, नदी के किनारे शवों का जलाना, गंगा नदी को लगातार प्रदूषित कर रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस साल मार्च महीने में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के 94 जगहों से गंगा जल की जांच की। इस जांच में गंगा नदी का कुल 5500 किलोमीटर की यात्रा की गई। रिपोर्ट में पाया गया कि नदी के पानी में प्रदूषण का बुरा हाल है। रिपोर्ट में इस बात पर चिंता जताई गई कि गंगा नदी के पानी को पीना तो दूर उससे नहाना भी मुश्किल है। कानपुर में ग्रामीण इलाके तेनुआ के पास प्रति सौ मिलीग्राम जल में कोलीफॉर्म (टीसी) जीवाणुओं की कुल संख्या 33 हजार के पार थी, जबकि यह संख्या अधिकतम 5000 होनी चाहिए थी। 5500 किलोमीटर की गंगा यात्रा में बिहार में गंगा नदी के कुल प्रवाह 445 किलोमीटर को कवर किया गया। बोर्ड ने राज्य में 33 जगहों पर गंगा जल की शुद्धता की जांच की।

पटना के बाद बक्सर से लेकर कहलगांव तक गंगा नदी के पानी में सबसे ज्यादा प्रदूषण पाया गया। मानकों के अनुसार यहां पर गंगा पानी का पीना तो दूर नहाने के लायक भी नहीं है। पटना के घाटों पर गंगा जल का प्रदूषण बीते दो साल में दस गुना बढ़ गया है। यहां पर गंगा के पानी में कोलीफॉर्म भारी मात्रा में मिला। 2021 में यानी दो साल पहले पटना के गांधी घाट और गुलबी घाट में कुल कोलीफॉर्म की संख्या प्रति सौ मिलीलीटर पानी में 16000 थी। अब कुल कोलीफॉर्म की कुल संख्या बढ़कर ( जनवरी, 2023 में ) 160000 हो गई है। कोलीफॉर्म एक बेहद ही खतरनाक जिवाणु है। बढ़े हुए कोलीफॉर्म की मुख्य वजह बगैर ट्रीटमेंट किए शहर के सीवेज को सीधे गंगा नदी में प्रवाहित किया जाना है। केवल पटना में 150 एमएलडी (मेगा लीटर्स प्रतिदिन) गंदा पानी सीधे गंगा नदी में गिर रहा है।

## वाराणसी से बेगूसराय तक के पानी में खतरनाक केमिकल्स

13 वैज्ञानिकों के एक शोध दल ने ये पाया कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी से बिहार के बेगूसराय के बीच 500 किलोमीटर की दूरी में गंगा नदी व इसकी उप धाराओं के पानी में 51 तरह के ऑर्गेनिक केमिकल्स हैं। ये केमिकल्स ना केवल मानव स्वास्थ्य के लिए बल्कि जलीय जीव और पौधों के लिए भी बेहद नुकसानदायक हैं। शोध में इन केमिकल्स के बढ़ने की वजह मास्युटिकल, एग्रोकेमिकल और लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स (कॉस्मेटिक) का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल बताया गया। **ग्रीन कैटेगरी में रखा गया बिहार, झारखंड उत्तराखंड के कई जगहों का पानी:** बोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक देश में चार जगहों, ऋषिकेश (उत्तराखंड), मनिहारी व कटिहार (बिहार) और साहेबगंज व राजमहल (झारखंड) में गंगा के पानी को ग्रीन कैटेगरी में रखा गया है। ग्रीन कैटेगरी में रखे जाने का मतलब ये है कि पानी से किटाणुओं को छान कर पीने में इस्तेमाल किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर गंगा का पानी ग्रीन कैटेगरी में नहीं है। 25 स्थानों पर गंगा जल को हाई लेवल पर साफ करने के बाद पिया जा सकता है। 28 जगहों के पानी को नहाने लायक बताया गया। गंगा जल में बढ़ रहे प्रदूषण की बड़ा वजह सॉलिड और लिक्विड वेस्ट है। हाल ही में बिहार सरकार ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने सॉलिड और लिक्विड वेस्ट का वैज्ञानिक तरीके से निपटारा नहीं कर पाने को लेकर राज्य सरकार पर चार हजार करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

## बिहार में बिजली खपत के स्लैब में बदलाव

# 200 यूनिट से अधिक बिजली की खपत करनेवालों को राहत



**केटी न्यूज/पटना**

भीषण गर्मी के बीच बिहार के शहरी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिली है। यह बिजली खपत के स्लैब में बदलाव के कारण हुआ है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए घोषित बिजली दरों के बाद 200 यूनिट से अधिक खपत करने वाले उपभोक्ताओं को अप्रैल से फायदा पहुंचा है। ऐसे उपभोक्ताओं को पिछले साल की तुलना में इस साल बिजली दर में 55 पैसे प्रति यूनिट की बचत हुई है। पिछले साल उपभोक्ताओं को 200 यूनिट से अधिक बिजली खपत करने पर प्रति यूनिट 6.22 रुपये लग रहे थे। लेकिन, अब प्रति यूनिट 5.67 रुपये ही लग रहे हैं।

उपभोक्ताओं को यह राहत इस साल 200 यूनिट से अधिक वाले स्लैब के हटने पर मिली है। घरेलू में इस बार दो स्लैब एक से 100 यूनिट और 100 यूनिट से ऊपर रखे गए हैं। इसमें 100 यूनिट तक अनुदान रहित 4.27 रुपये और 100 यूनिट से ऊपर 5.67 रुपये है। पिछले साल तीन स्लैब थे। इनमें 1 से 100 यूनिट, 101 से 200 यूनिट और 200 से अधिक। तीनों स्लैब की बिजली दर अलग-अलग थी। एक से 100 यूनिट तक अनुदान रहित 4.27 रुपये, 101 से 200 यूनिट तक 5.12 रुपये और 200 से ऊपर 6.22 रुपये प्रति यूनिट लग रहे थे। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के राजस्व अधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि राज्यभर के शहरी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को गर्मी में बिजली दर की राशि में अच्छी बचत हुई है। यह फायदा एक स्लैब के हटने से हुआ है। 200 यूनिट से अधिक बिजली खपत करने वाले 70 फीसदी उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिला है।

राज्यभर में एक करोड़ 80 लाख उपभोक्ता हैं। इनमें 70 फीसदी से अधिक शहरी घरेलू उपभोक्ता हैं जो 200 यूनिट से अधिक बिजली का उपभोग करते हैं। इनको बड़ी राहत पहुंची है। पटना में साढ़े छह लाख उपभोक्ताओं में 80 फीसदी घरेलू उपभोक्ता हैं। ये सभी उपभोक्ता 200 यूनिट से अधिक बिजली खपत करते हैं। इनको पिछले साल की तुलना में इस साल फायदा हुआ है।

## खबरें फटाफट

### कर्नाटक में फिर शुरू हुआ इंदिरा कैंटीन, 10 रु. में मिलेगा खाना

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने दोबारा से इंदिरा कैंटीन की शुरूआत कर दी है। चुनाव जीतने के बाद सीएम सिद्धारमैया ने पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि वह बंद पड़ी इंदिरा कैंटीन को फिर से शुरू करेंगे। राज्य में पिछली कांग्रेस सरकार में कैंटीन शुरू की गई थी, लेकिन बीजेपी के दोबारा सत्ता में आने के बाद उसे बंद कर दिया गया था। कर्नाटक में शुरू की गई इंदिरा कैंटीन गरीबों और वंचितों को कम दाम पर भोजन उपलब्ध कराती है। कैंटीन के मेन्यू में सिर्फ पांच रुपये में नाश्ता और दोपहर और रात का भोजन केवल 10 रुपये में दिया जाएगा। गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक में अपने चुनाव अभियान के दौरान सत्ता में वापस आने पर कैंटीन वापस लाने का वादा किया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी जब राज्य में प्रचार करने गए थे तो उन्होंने कुछ फूड डिलीवरी स्टाफ से मुलाकात की थी। उस दौरान राहुल ने उनसे कैंटीन को फिर से शुरू करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा था कि गरीबों की जेब पर महंगाई का भार पड़ रहा है। जिसको लेकर राहुल ने कैंटीन फिर से शुरू करने का वादा किया था। बृहत बेंगलुरु महानगर पालिके ने पोषण और मात्रा पर ध्यान केंद्रित करते हुए नाश्ता, दोपहर और रात के खाने का मेन्यू तैयार किया है।

## बिहार मौसम सेवा केंद्र और मोबाइल ऐप मौसम बिहार का लोकार्पण

# अब मौसम के पूर्वानुमान की मिल सकेगी सटीक जानकारी : सीएम

- मौसम की सटीक जानकारी के लिए मोबाइल ऐप विकसित करनेवाला देश का पहला राज्य बना बिहार
- बिहार मौसम सेवा केंद्र 24 घंटे रहेगा कार्यरत, लोग फोन से प्राप्त कर सकेंगे मौसम संबंधी सूचना



**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को सरदार पटेल भवन की छठी मंजिल पर बिहार मौसम सेवा केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। शुभारंभ के पश्चात मुख्यमंत्री ने बिहार मौसम सेवा केंद्र के कार्यालय के विभिन्न भागों- वर्क स्टेशन, हेल्पडेस्क, स्वचालित वर्षा मापक यंत्र, सर्वर रूम आदि का निरीक्षण किया और वहां की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। बिहार मौसम सेवा केंद्र 24 घंटे कार्यरत रहेगा और लोग दूरभाष एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से मौसम संबंधी सूचना प्राप्त कर सकेंगे। इससे पंचायत स्तर तक के मौसम का पूर्वानुमान किया जाता है। शीतलहर, ओलावृष्टि, कोहरे की भी निगरानी की जायेगी और उसका पूर्वानुमान लगाया जायेगा। इससे लोगों को सलाह एवं चेतावनी दी जा सकेगी। हेल्पडेस्क पर कॉल कर लोग अपने प्रखंड एवं पंचायत के मौसम पूर्वानुमान की जानकारी ले सकेंगे। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के बिहार में 19 स्वचालित मौसम केंद्र स्थापित हैं इससे मौसम पूर्वानुमान की सही जानकारी नहीं मिल पाती थी। बिहार मौसम सेवा केंद्र द्वारा 487 सेवा केंद्र स्थापित किये गये हैं जिससे मौसम के संबंध में सटीक जानकारी मिल पायेगी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार मौसम सेवा केंद्र द्वारा विकसित मोबाइल ऐप मौसम बिहार' का लोकार्पण किया। इस अवसर उन्होंने कहा बिहार मौसम सेवा केंद्र का शुभारंभ कराया गया है, यह बहुत खुशी की बात है और यह कार्य प्रशंसनीय है। बिहार मौसम सेवा केन्द्र के माध्यम से पंचायत स्तर तक मौसम संबंधी पूवार्नुमान का कार्य बेहतर ढंग से किया जा रहा है, जिसे बढ़ाकर राजस्व ग्राम स्तर तक किया जाय ताकि प्रत्येक गांव के किसान इसका समुचित लाभ ले सकें। मौसम पूवार्नुमान की सटीक जानकारी होने से राज्य में किसानों को खेती में सुविधा होगी साथ ही बीजों की बुआई और फसलों की कटाई आदि कार्यों को सही समय पर कर सकेंगे। बिहार में हर वर्ष बाढ़, सुखाड़, शीतलहर, लू, चक्रवातीय तूफान, वज्रपात आदि प्राकृतिक आपदाओं के कारण जान-माल की क्षति होती है। बिहार मौसम सेवा केंद्र के माध्यम से प्राकृतिक आपदाओं के पूवार्नुमान की सूचना प्रसारित कर लोगों को सतर्क किया जाएगा जिससे कम-से-कम क्षति होगी।

## बिहार के पंचायती राज मंत्री की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त

**पटना।** पटना के नौबतपुर मुख्य मार्ग पर शनिवार को बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस ने मंत्री की गाड़ी में ठोकर मारने वाले पिकअप को जब्त करते हुए ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम की गाड़ी सासाराम से पटना लौट रही थी। इसी क्रम में पटना से विक्रम की ओर जा रही एक पिकअप ने मंत्री की गाड़ी को सामने से ठोकर मार दी। धक्का लगते ही गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम सुरक्षित हैं।

## प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को दी गई श्रद्धांजलि

**पटना।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु की पुण्यतिथि पर शनिवार को उनकी आदमकद प्रतिमा पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। नेहरू पार्क, पटना स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरु जी की प्रतिमा स्थल पर पुण्यतिथि के मौके पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि नीति आयोग की बैठक में हम एक बार फिर से विशेष राज्य के दर्जा के मुद्दे को उठाने वाले थे। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा अभी तक क्यों नहीं दिया गया है। जाति आधारित जनगणना जो केंद्र सरकार ने 2011 में करायी थी, उसको इस बार इनको करना चाहिए था, जो नहीं हुआ। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिला है फिर भी हमलोग विकास का काम कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की आठवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक आयोजित

# 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के मुद्दे पर हुई बात

**एजेंसी/नई दिल्ली**

नीति आयोग की आठवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक शनिवार को हुई। इसमें पीएम मोदी ने विकसित भारत के रोडमैप को लेकर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए साझा दृष्टिकोण विकसित करने की जरूरत को रेखांकित किया और राज्यों से नागरिकों के सपनों को पूरा करने वाले कार्यक्रमों को पूरा करने में सक्षम वित्तीय रूप से विवेकपूर्ण निर्णय लेने को कहा। बैठक में कई मुख्यमंत्रियों, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपालों और केंद्रीय मंत्रियों ने भाग लिया।



नीति आयोग ने एक ट्वीट में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों से वित्तीय रूप से विवेकपूर्ण निर्णय लेने का आग्रह किया ताकि वित्तीय रूप से मजबूत और नागरिकों के सपनों को पूरा करने वाले कार्यक्रमों को पूरा करने में सक्षम बन सकें। बैठक में 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण और बुनियादी ढांचे के विकास सहित कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल और उत्तर प्रदेश, असम, झारखंड और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शामिल हो रहे हैं। पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली के मुख्यमंत्री बैठक का बहिष्कार कर रहे हैं।

आमतौर पर पूर्ण परिषद की बैठक हर साल होती है और पिछले साल 7 अगस्त को मोदी की अध्यक्षता में ये बैठक हुई थी। कोरोनोवायरस महामारी के कारण 2020 में परिषद की बैठक नहीं बुलाई गई थी। परिषद की पहली बैठक 8 फरवरी, 2015 को हुई थी। भारत का विकास राज्यों के विकास के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है। इसी बारे में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 76वें स्वतंत्रता दिवस संबोधन में कहा था, 'जब हमारे राज्य बढ़ते हैं, भारत बढ़ता है'। यह अगली तिमाही सदी के लिए भारत की समावेशी और टिकाऊ दृष्टिकोण की मार्गदर्शक भावना होगी।



## खबरें फटाफट

### युवा अधिवक्ताओं को मिले मान सम्मान : समिति



**जहानाबाद।** शनिवार के दिन युवा अधिवक्ता कल्याण समिति जहानाबाद की ओर से युवा अधिवक्ताओं की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सीनियर अधिवक्ता रामाश्रय प्रसाद ने कही। बैठक में अधिवक्ताओं ने सर्व सम्मति से निर्णय लिया के युवा अधिवक्ताओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना तथा मान सम्मान प्रदान किया जाए। सहरसा विधिक मंडल के द्वारा सरकार को सौंपी गई। 12 सूत्री मांगों का जहानाबाद अधिवक्ता संघ ने समर्थन किया। साथ ही अधिवक्ताओं में मांग किया के उन लोगों के लिए इंडोर गेम सामग्री, टीवी, गाड़ी पार्किंग इत्यादि की व्यवस्था की जाए। साथ ही अधिवक्ताओं को मान सम्मान दी जाए। बैठक में उपस्थित रामविकास कुमार, नीरज कुमार, सशी कुमार, बिंदु भूषण प्रसाद, जय नरायन कुमार, लक्मीपति नाथ, नंद किशोर प्रसाद, दीपक रंजन, वेद पुकार, ब्रजेश कुमार, ओम रंजन, धनन्जय कुमार व अन्य मौजूद रहे।

### निकाली गई पोलियो जागरूकता रैली

**जहानाबाद।** 28 मई से शुरू होने वाले पांच दिवसीय पोलियो चक्र की सफलता को लेकर यूनिसेफ के तत्वाधान में सदर अस्पताल स्थित जीएनएम स्कूल से छात्राओं ने पोलियो जागरूकता रैली निकाली। जिसको अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजय कुमार, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार एवं यूनिसेफ के एसएमसी रुद्र शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो शहर के भिन्न भिन्न चौक चौराहों से होते हुए सदर अस्पताल में समाप्त हुआ। रैली में छात्राओं द्वारा दो बूंद दवा पोलियो हवा, दो बूंद हर बार पोलियो पर जीत रहे बरकरार का नारा लगाया। इस मौके पर वैक्सीन कोल्ड चैन मैनेजर आशुतोष कुमार, यूनिसेफ के सभी बीएमसी सहित सदर अस्पताल के सभी कर्मी भी मौजूद रहे।

# सभी आशा हर सप्ताह एक-एक टीबी के लक्षण वाले मरीज की कराएं जांच : डीएम

**केटी न्यूज/बक्सर**

- जिलाधिकारी ने टीबी मुक्त पंचायत पहल को लेकर जिला स्वास्थ्य समिति के अधिकारियों के साथ की बैठक
- टीबी मुक्त पंचायत पहल की सफलता के लिए प्रखंडों में बीएचएम/बीसीएम को बनाया गया नोडल पदाधिकारी

जिले में टीबी मुक्त पंचायत पहल की सफलता को लेकर तैयारी तेज कर दी गई है। जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने टीबी उन्मूलन कार्यक्रमों और कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान जिला स्वास्थ्य समिति के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने सभी अब तक के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि टीबी मुक्त पंचायत बनाने का मुख्य उद्देश्य है कि इस अभियान में पंचायतों के बीच स्वास्थ्य प्रतिस्पर्धा बने। राज्य सरकार ने टीबी मुक्त पंचायत की सफलता के लिए जनप्रतिनिधियों को शामिल करने का निर्णय लिया है। ताकि, अब पंचायत स्तर पर टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में लोगों को शामिल किया जा सके। साथ ही, पंचायती राज संस्थाओं का सशक्तिकरण किया जाएगा, जिससे टीबी की समस्याओं को और भी बेहतर ढंग से समझ कर आकलन किया जा सके। जिलाधिकारी ने गाइडलाइन्स का पालन करते हुए सभी प्रखंडों में दो-दो पंचायतों का चयन करें। जहां पर बीडीओ, पंचायती पदाधिकारी, सीडीपीओ, जीविका दीदी समूह एवं चयनित पंचायतों के निर्वाचित सदस्यों को टीबी मुक्त पंचायत पहल से अवगत कराया जाए।



**बीएचएम या बीसीएम करेंगे कार्यक्रम का अनुश्रवण :** जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने कहा कि टीबी मुक्त पंचायत पहल के लिए सबसे जरूरी है कि इसमें प्रखंड स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक के अधिकारियों और कर्मियों को शामिल किया जाए। जिसमें चयनित ग्राम पंचायतों की सभी एएनएम, आशा कर्मी, आंगनबाड़ी कार्यकताओं, जीविका समूह, टीबी चैंपियन व पंचायती राज सदस्यों को शामिल किया जाएगा। साथ ही, सभी को प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ प्रशिक्षण दिया जाए। जिसमें आरबीएसके की टीम भी शामिल हो। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा को प्रखंड स्तर पर एक नोडल पदाधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया। जो टीबी मुक्त पंचायत पहल कार्यक्रम में किए जा रहे कार्यों की निगरानी व अनुश्रवण करेंगे। इस पर सिविल सर्जन ने सभी प्रखंडों के बीसीएम या बीएचएम को नोडल पदाधिकारी प्रतिनियुक्त करने की बात कही। जो प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को प्रत्येक सप्ताह अपने स्तर पर कार्यों से अवगत कराते हुए समीक्षा करेंगे और संचारी रोग पदाधिकारी को रिपोर्ट करेंगे।

**हर माह सिविल सर्जन और सीडीओ करेंगे समीक्षा :** जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन और संचारी रोग पदाधिकारी को यह आदेशित किया कि प्रत्येक माह टीबी मुक्त पंचायत पहल कार्यक्रम की समीक्षा करें और उसके प्रखंडवार प्रतिवेदन जिला मुख्यालय को समर्पित करेंगे। साथ ही, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अपने स्तर से यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी आशा कर्मी हर सप्ताह अपने अपने क्षेत्र में कम से कम एक टीबी के लक्षण वाले मरीज की बलगम जांच कराएं। जिलाधिकारी ने सभी एसटीएलएस को निर्देशित किया कि टीबी पंचायत पहल कार्यक्रम के तहत संग्रहित हुए बलगम सैंपल की जांच संबंधित प्रयोगशाला प्रावैधिक से कराना सुनिश्चित करें। वहीं, सभी एसटीएस चयनित पंचायत में इलाजरत मरीजों को निक्ष्य पोषण योजना का शतप्रतिशत लाभ दिलाना एवं ड्रग इंस्पेक्टर के माध्यम से निजी मेडिकल दुकानों पर एच-1 रजिस्टर जांच कराना सुनिश्चित करेंगे। वहीं, गाइडलाइन के अनुसार सभी एमओआईसी अपने स्तर से संबंधित स्वास्थ्य संस्थानों के ओपीडी में आने वाले मरीजों में से 10 प्रतिशत मरीजों का बलगम जांच कराएंगे। जिससे जांच का दायरा बढ़ाया जा सके।

बैठक में अपर चिकित्सा पदाधिकारी सह सीडीओ डॉ. शालिग्राम पांडेय, डीआईओ डॉ. राजकिशोर सिंह, डब्ल्यूएचओ के एनटीईपी कंसल्टेंट डॉ. विज्येंद्र कुमार सौरभ, डीपीएम मनीष कुमार, डीपीसी जावेद आबिदी, डीटीसी के डीपीसी कुमार गौरव समेत जिला स्तर व डीटीसी के अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

## हर्ष फायरिंग को लेकर सख्त हुए एसपी, बोले- धरपकड़ के लिए चल रही छापेमारी

# तिलक में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से दूल्हे के ममेरे भाई की हुई मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में हर्ष फायरिंग काफी खतरनाक होती जा रही है। एक बार फिर हर्ष फायरिंग एक युवक की जान चली गयी। मामला संदेश थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव की है। जहां शुक्रवार की रात तिलक समारोह चल रहा था। इस बीच हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से दूल्हे के ममेरे भाई की मौत हो गयी। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जगवलिया गांव निवासी स्व. अजय सिंह का बेटा बिट्टू कुमार था। गोली किसी रिश्तेदार की बंदूक से चलने की बात कही जा रही है। जो बड़हरा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वहीं, युवक की अचानक मौत से तिलक समारोह में भगदड़ मच गयी। तिलक की खुशी का माहौल गम में बदल गया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष अवधेश कुमार घटनास्थल पर पहुंच गये और छानबीन शुरू कर दी गयी।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात बिट्टू कुमार के फूफा धर्मपुर गांव निवासी लव सिंह के बेटे कुणाल सिंह का तिलक आया था। अन्य रिश्तेदारों के साथ बिट्टू कुमार भी तिलक समारोह में शामिल था। तिलक चढ़ाये जाने के दौरान एक रिश्तेदार द्वारा हर्ष फायरिंग की जा रही थी। तभी बिट्टू को गोली लगी और वह खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। उसके बाद परिजन द्वारा उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। पटना के पीएमसीएच में इलाज के दौरान देर रात उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर वहां की स्थानीय पुलिस द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया गया।



■ बड़हरा थाना क्षेत्र का रहने वाला है फायरिंग करने वाला रिश्तेदार



**खंगाले जा रहे हैं वीडियो फुटेज :** एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। वीडियो फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। शुरूआती जांच में यह बात सामने आयी है कि तिलक समारोह में एक रिश्तेदार की ओर से संभवतः किसी अवैध हथियार से हर्ष फायरिंग की जा रही थी। उसमें गोली फंस गयी, जिसे निकालने का प्रयास किया जा रहा था। उस दौरान अचानक फायर हो गया और गोली बिट्टू को गोली लग गयी। अभियुक्त को चिन्हित कर लिया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर छापेमारी की जा रही थी। जल्दी ही उसको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### फायरिंग के चक्कर में अपनों को खो रहे हैं लोग

आरा। शादी-विवाह में हर्ष फायरिंग की घटनाएं काफी घातक होती जा रही है। फायरिंग की घटनाओं से एक ओर जहां पुलिस हलकान है। वहीं हर्ष के लिए फायरिंग के चक्कर में लोग अपनों को खोते जा रहे हैं। उससे शादी विवाह की खुशी मातम में बदलती जा रही है। जिले में हर्ष फायरिंग में महज 26 दिनों में तीन लोगों की जान जा चुकी है। तीनों मृतक युवा थे। उनमें एक स्कूल, तो दूसरा कॉलेज का छात्र भी था। पुलिस की मानें तीनों मौत हर्ष फायरिंग करने के दौरान फंसी गोली निकालने के दौरान हुई है। बावजूद उसके लोग अपनी इस खतरनाक शौक से बाज नहीं आ रहे हैं। बता दें कि एक मई की रात चांदी थाने के भदवर गांव में बारात में नाच में हर्ष फायरिंग की जा रही थी। उस दौरान गोली पिस्टल में फंस गयी थी। निकालने के दौरान चली गोली एक स्कूली छात्र के गर्दन में लग गयी थी, जिससे उसकी मौत हो गयी थी। मृत छात्र सीआरपीएफ जवान का बेटा था। पुलिस द्वारा उस मामले में दो-तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया था। उसी तरह अभी पिछले 21 मई की रात मुफस्सिल थाने के सैदपुर गांव में बारात में द्वारपूजा के समय हर्ष फायरिंग में स्नातक के छात्र रोहित सिंह की मौत हो गयी थी। उसकी चचेरी बहन की शादी थी। उस मामले में भी हर्ष फायरिंग के दौरान गोली फंसने और निकालने के क्रम में फायर होने की बात कही गयी थी। उस बीच शुक्रवार की रात भी हर्ष फायरिंग के दौरान किसी रिश्तेदार की गोली फंस गयी। निकालने में गोली चली और दुल्हे के ममेरे भाई की मौत हो गयी। उससे पहले भी तिलक और शादी समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान इस साल इंजीनियर सहित दोनों लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, ससुराल आये दामाद सहित तीन लोग गोली से जख्मी भी हो चुके हैं।

## एक नजर

### संविधान को खत्म करने की साजिश कर रही भाजपा-आरएसएस : भाई वीरेन्द्र

**जहानाबाद।** सदर प्रखंड के किनारी पंचायत सरकार भवन में शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल का प्रखंड स्तरीय अंबेडकर परिचर्चा का आयोजन किया गया। अंबेडकर परिचर्चा में शामिल होने पहुंचे प्रभारी सह मनेर विधायक भाई वीरेन्द्र एवं सह प्रभारी गुलाम रब्बानी का राजद कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक भाई वीरेन्द्र ने कहा कि संविधान में दिए गए समता, स्वतंत्रता, भाईचारा एवं न्याय के अधिकार को भाजपा एवं आरएसएस के लोग खत्म करने की साजिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के निर्देश पर बिहार एवं जिला से लेकर गांव स्तर तक अंबेडकर परिचर्चा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन एवं राजनीतिक तथा आर्थिक परिवर्तन की लड़ाई को मजबूती प्रदान करने के लिए राजद अभियान चला रहा है। सामाजिक न्याय एवं संप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए राजद कार्यकताओं को एससी, एसटी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यकों को संविधान को बचाने के लिए एकजुट होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मंडलवादी ताकतों को एवं बाबासाहेब अंबेडकर के विचारों पर चलने वाले लोगों को इस अभियान के तहत जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। नए नौजवानों को राजद एकजुट कर सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए, जातीय जनगणना जैसे मुद्दे, किसानों की समस्या, आरक्षण जैसे मुद्दे, बढ़ रहे अत्याचार, मंडल आयोग के आधार पर हिस्सेदारी की लड़ाई लड़ने का आह्वान इस परिचर्चा में किया जा रहा है। वहीं अंबेडकर परिचर्चा के सह प्रभारी एवं जिप सदस्य आभा रानी ने कहा कि संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचार एवं उनके द्वारा भारतीय संविधान में दिए गए अधिकार को भाजपा एवं आरएसएस के लोग खत्म करना चाह रहे हैं, जिन्हें नाकाम करना राजद की पहली प्राथमिकता रहेगी।




### स्वच्छता की अलख जगाए युवा : अमित

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार, उप विकास के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन एवं मिशन लाइफ कैंपेन कार्यक्रम के तहत जिले के निर्वाचन आइकॉन अमित कुमार के द्वारा मखदुमपुर प्रखंड के कलानौर पंचायत के उच्च माध्यमिक विद्यालय कुर्था डीह में विद्यालय संचालित संपूर्ण स्वच्छता सह स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। उपस्थित छात्र छात्राओं को अमित कुमार ने बताया कि विद्यालय से लेकर घर एवं गांव की स्वच्छता पर विशेष जोर देना है। जबकि उन्होंने कहा लगभग प्रत्येक घर के बच्चे विद्यालय में पढ़ने आते हैं और उन्हीं बच्चों को घर में शौचालय रहते हुए भी अपने माता-पिता व भाई बाहर में शौच करने से रोकने की जरूरत है। खास कर छात्राओं को इस पर विशेष जोर देने की जरूरत है। वो अपने घर में बने शौचालय का प्रयोग करें।। खुले में शौच ना जाए। जिस प्रकार आप अपने शरीर की स्वच्छता पर ध्यान देते हैं। उसी प्रकार अपने घर आस-पड़ोस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। तभी पूर्ण रूप से खुले में शौच मुक्त होगा और इस अभियान को और भी आगे बढ़ाने में छात्र-छात्राएं युवा की अहम योगदान होगा। स्वच्छ एवं सुंदर समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम होती है। इसलिए पढ़ाई के साथ साथ अपने आस-पड़ोस के लिए भी समय दें और जन जागरूकता रोको टोको अभियान चलाएं। इस मौके पर पंचायत पर्यवेक्षक विनय कुमार ने कहा कि आप सभी छात्र छात्राएं अपने घर एवं आस पड़ोस में स्वच्छता का अलख जगाए और लोगों को भी जागरूक करें। इस अभियान में विद्यालय के प्रधानाध्यापक संत कुमार, सहायक शिक्षिका सोनाली कुमारी, पुष्पा कुमारी सुनीता कुमारी के साथ साल सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



### 45वां आर्म रैसलिंग चैंपियनशिप में भाग लेकर जिले की टीम ने किया नाम रोशन

**जहानाबाद।** जिले के पहलवानों ने अपनी पहलवानी दिखाते हुए पंजा, कुश्ती प्रतियोगिता में अपना झंडा लहराया और जिले का नाम रोशन किया और बिहार का भी नाम रोशन किया। डेविस जिम के संचालक विक्रम कुमार एवं उनके टीम जम्मू कश्मीर में जाकर अच्छा प्रदर्शन किया और उन्होंने गोल्ड मेडल भी प्राप्त किया। प्रथम स्थान लाए जहां 70 किलोवर्ग विक्रम कुमार गोल्ड मेडल। 90 किलो साहिल आलम गोल्ड मेडल। 85 किलोग्राम अभिषेक कुमार सिल्वर मेडल। 65 किलोग्राम अंकित कुमार झा गोल्ड मेडल। 70 किलोवर्ग सास्वत कुमार ब्राउन मेडल। 65 किलोग्राम आयुष कुमार सिंह गोल्ड मेडल। 90 किलो वर्ग पेमा चेतन ब्राउन मेडल। 85 किलोग्राम वरुण कुमार यादव ब्राउन मेडल।100 किलो वर्ग आसिफ खान ब्राउन मेडल। 75 किलो वर्ग एमडी अमन सिल्वर मेडल। 55 किलो वर्ग नीतीश कुमार राय ब्राउन मेडल। डेविड जिम के संचालक से मेरी बात फोन के माध्यम से हुई तो उन्होंने बताया कि वह आगे और भी अपने भारत एवं जहानाबाद का नाम रोशन करेंगे उन्होंने बताया कि अगर उन्हें बेहतर से बेहतर सुविधा मिले तो वह एवं उनकी टीम नेशनल खेलना चाहेंगे।




## राशन लेकर लौट रही बुजुर्ग महिला की वाहन की चपेट में आने से मौत

**आरा।** जिले के अजीमाबाद थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर गांव के समीप शुक्रवार की शाम सड़क हादसे में बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी। राशन लेकर लौट रही महिला को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। इलाज के दौरान सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में उन्होंने दम तोड़ दिया। मृत महिला अजीमाबाद थाना क्षेत्र के मेहंदौरा गांव निवासी स्व.जय किशुन सिंह की 70 वर्षीया पत्नी बालमातो देवी थी।

उनके पोते रोहित कुमार ने बताया कि शुक्रवार की शाम वह अपने गांव से राशन लाने के लिए बगल के गांव ब्रह्मपुर गई थी। देर शाम वह वहां से पैदल घर लौट रही थी। तभी बारिश होने लगी। उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दी। उसमें वह जख्मी हालत में सड़क पर गिरी पड़ी थी। कुछ देर बाद एक ग्रामीण द्वारा हादसे की सूचना दी गयी। उसके बाद वह लोग घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए संदेश रेफरल ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उन्हें आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

## दोस्त की बारात से लौट रहे बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के पीरो थाना क्षेत्र के चिलबिलिया मोड़ के पास बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर शनिवार तड़के सुबह सड़क हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत हो गयी। बारात से लौट रहे दोनों भाइयों को किसी अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया।

घटना को लेकर काफी देर तक अफरातफरी मची रही। मृतकों में सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी स्व. ओम प्रकाश सिंह के 18 वर्षीय पुत्र निशांत कुमार उर्फ भीम कुमार और ददन सिंह के 19 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार थे। दोनों इंटर के छात्र थे। प्रिंस के पिता दुबई में प्राइवेट जॉब करते हैं। चचेरे भाई रंजन कुमार ने बताया कि दोनों शुक्रवार की शाम गांव के अपने दोस्त और हरेराम सिंह के बेटे रोहित कुमार की शादी में गड़हनी थाना क्षेत्र के रामपुर गांव गये थे। शनिवार तड़के दोनों बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। उसी दौरान चिलबिलाया मोड़ के समीप कोई अज्ञात भारी वाहन दोनों को रौंदते निकल गया। उसमें प्रिंस कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भीम कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना मिलने पर वेलोग तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। उसके बाद दोनों को परिजनों द्वारा आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा भीम कुमार को भी मृत घोषित कर दिया गया।



## माहवारी मेला के आयोजन द्वारा मासिक स्वच्छता प्रबंधन पर माहवारी मेला का हुआ आयोजन

# माहवारी से संबंधित गलत धारणाओं एवं मिथकों को तोड़ना जरूरी : रजनी

**केटी न्यूज/पटना**

रविवार को सहयोगी संस्था के द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय, बृजनारायणपुर, दानापुर में मासिक स्वच्छता प्रबंधन के अंतर्गत माहवारी मेला के आयोजन द्वारा किशोरियों एवं महिलाओं के व्यक्तिगत स्वच्छता एवं मासिक स्वच्छता प्रबंधन विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के 100 से अधिक किशोरियों, किशोरों ने भाग लिया। उन्हें मासिक स्वच्छता से सम्बंधित समाज में प्रचलित गलत धारणाओं एवं मिथकों को तोड़ने एवं इनकी अनदेखी करने और परिणामस्वरूप उनसे होने वाली कठिनाइयों तथा बिमारियों के बारे में चर्चा किया गया। महिलाओं और किशोरियों को माहवारी के दौरान होने वाली चुनौतियों और इस विषय में खामोशी तोड़ने की बात भी कही गई।



**माहवारी स्वच्छता पर चुप्पी तोड़ना जरूरी :** सहयोगी संस्था द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय, बृजनारायणपुर, दानापुर में आयोजित माहवारी मेला कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था की निदेशिका रजनी ने उपस्थित छात्राओं, छात्रों, शिक्षकों को बताया कि महिलाओं और किशोरियों को माहवारी के समय अनेक प्रकार की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यह हमारे व्यक्तिगत स्वच्छता का एक महत्वपूर्ण विषय है और इस विषय में चुप्पी तोड़कर एवं खुलकर बात करने की जरूरत है। यद्यपि आज सोशल मीडिया माध्यमों के द्वारा इस विषय में जानकारी दी जाती है, सरकार के द्वारा भी चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों, विद्यालयों में स्थानीय स्तर पर सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराया जाता है, परन्तु अभी भी अधिकांश किशोरियां एवं महिलाएं पारंपरिक तरीकों को ही अपनाती हैं, यह आवश्यक है कि उन्हें कपड़ों के इस्तेमाल के बारे में भी सही जानकारी दी जाये।

**माहवारी मेला में किशोरियों ने रखे अपने सवाल :** आज आयोजित माहवारी मेला में किशोरियों को मासिक चक्र से सम्बंधित जानकारी पाने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया, उन्हें इस विषय पर प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित किया गया। किशोरियों ने इस अवसर पर कई प्रश्न पूछे और जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने जानना चाहा कि क्या माहवारी आने के बाद हमारी हाईट बढ़ना रुक जाता है, माहवारी नहीं आता है तो क्या बच्चा नहीं होता है, लड़कों को माहवारी क्यों नहीं आता है। एक किशोरी ने बताया कि कुछ लोग बोलते हैं कि माहवारी नहीं आने पर महिला, किशोरी को हिजड़ा कहा जाता है। उनके सभी प्रश्नों का उत्तर दिया गया, साथ ही गलत धारणाओं को दूर करने हेतु सही जानकारी दी गई। इस अवसर पर एक बड़े थाली में लाल रंग के पानी को रखकर किशोरियों को उसमें अपनी परछाई देखने के लिए कहा गया और बताया गया कि माहवारी का लाल रंग किशोरियों, महिलाओं के जीवन से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण अंश है। इस मेले में किशोरियों ने बहुत उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## खबरें फटाफट

### पूर्व विस प्रत्याशी ने सनहा दे जान माल की लगाई गुहार

**डुमरांव।** नगर के गौशाला रोड निवासी व पूर्व में डुमरांव विधान सभा का चुनाव लड़ चुके अफजल अंसारी पिता अब्दूल अंसारी ने स्थानीय पुलिस को सनहा देते हुए नगर के सेराज अंसारी पिता स्व शस्सुद्दीन अंसारी पर 25 मई की देर रात उनके दरवाजे पर अपने साथियों के साथ आकर गाली गलौज करने तथा 9 जून को नगर परिषद चुनाव संपन्न होने के बाद गोली मारने की धमकी देने का सनहा दर्ज कराया है। अफजल ने अपने आवेदन में इस बात का भी जिक्र किया है कि वह वर्तमान में कपड़ा का दुकान चलाते हैं। जबकि सेराज अंसारी अपनी बहन को नगर परिषद के मुख्य पार्षद पद का चुनाव लड़वा रहे हैं।

### किशोरी से दुष्कर्म एफआईआर दर्ज

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया हैं। जानकारी के अनुसार आरोपी ने उसके साथ छह मई और 15 मार्च को दो बार दुष्कर्म किया है। जब उसकी मां गांव आई तो किशोरी ने आपबीती सुनाई। इसके बाद मां ने आरोपी विशाल भारती के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पीड़िता की मां ने दुष्कर्म के साथ मुंह नहीं खोलने की धमकी देने का आरोप भी लगाया है।

### जमीन विवाद में मारपीट, कई जख्मी


**राजपुर।** धनसोई थाना क्षेत्र के भरखरा गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार भरखरा गांव निवासी कामेश्वर सिंह और सुनील सिंह के बीच भूमि को लेकर पूर्व से विवाद चल रहा था। इसी विवाद में दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। जिसमें संजय, पिता कामेश्वर सिंह, धनजी सिंह पिता बलिराज सिंह, बलिराज सिंह पिता हरिद्वार सिंह, दो महिलाएं व एक युवती घायल हो गई हैं।

# नियाजीपुर खुर्द पंचायत मुखिया पद के उपचुनाव में नेहा यादव ने मारी बाजी

- पक्ष में कुल 1922 व निकटतम प्रतिद्वंद्वी को मिले 1323 मत
- नेहा देवी की सास व निवर्तमान मुखिया रही स्व कवली देवी के निधन के बाद से खाली था पद

**केटी न्यूज/सिमरी**

शनिवार को नियाजीपुर खुर्द पंचायत में मुखिया पद के लिए हुए उप चुनाव के मतों की गिनती की गई। जिसमें नेहा कुमारी यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी पुतुल देवी को 599 मतों के भारी अंतर से पराजित कर दिया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ शशिकांत



शर्मा ने उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा। बता दें कि नेहा देवी की सास व निवर्तमान मुखिया रही स्व कवली देवी के निधन के बाद ही इस पंचायत में पिछले एक साल से मुखिया का पद खाली था। वही उप चुनाव में नेहा ने अपने सास के निधन की क्षतिपूर्ति करते हुए मुखिया का चुनाव जीत गई। उन्हें कुल 1922 मत मिले थे। जबकि निकटतम प्रतिद्वंदी को 1323 मत प्राप्त हुए थे। मतगणना की सारी प्रक्रिया प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में संपन्न हुई। मतगणना स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। मतगणना स्थल की चारों तरफ बैरिकेटिंग की गई थी। वहीं मतगणना स्थल में प्रवेश के लिए प्रखंड मुख्यालय के गेट पर बैरियर लगाए गये थे। जहां से केवल उम्मीद्वार के एजेंट को ही अंदर जाने की अनुमति दी जा रही थी। प्रशासन की ओर से मतगणना कक्ष में सीसीटीवी के साथ ही मतगणना की सारी प्रक्रिया की विडियोग्राफी कराई गई। ताकि मतगणना के दौरान कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। इसके अलावे बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किए गए थे। हालांकि चुनाव की तरह ही मतगणना भी शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। मतगणना संपन्न होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

### तीन घंटे में ही घोषित हो गया परिणाम

इस उपचुनाव का परिणाम घोषित करने के लिए प्रशासन द्वारा कुल पांच टेबल बनाए गए थे। सुबह आठ बजे काउंटिंग की प्रक्रिया शुरू हुई। मतगणना पांच राउंड तक चली। करीब ग्यारह बजे तक मतों की गिनती का काम पूरा हो गया तथा निवार्ची पदाधिकारी द्वारा विजयी उम्मीद्वार की घोषणा कर दी गई। मात्र तीन घंटे में ही प्रशासन ने मतगणना को पूरा करा लिया। जानकारी के अनुसार इस उप चुनाव को जीत मुखिया बनी नेहा यादव पहले राउंड से ही अपने विरोधियों पर भारी बढ़त बनाई हुई थीं। आखिरी तक उनकी यह बढ़त बनी रही।

### मात खाए कई दिग्गज

नियाजीपुर खुर्द पंचायत का उपचुनाव कई मायनों में खास बन गया। बता दें कि इस उप चुनाव में अंदरखाने कई राजनीतिक दिग्गज सक्रिय थे। जो नेहा के विरोधी के खेमे में थे। राजनेताओं व क्षेत्रिय क्षत्रपों के वरोध के बीच नेहा ने अपने सास के निधन के बाद खाली हुए सीट पर चुनाव जीत कई दिग्गजों को मात दें दी है। राजनीतिक प्रेक्षकों की मानें तो इस उप चुनाव के परिणाम से क्षेत्र का राजनीतिक समीकरण भी बदल सकता है। बता दें कि पिछली बार के चुनाव में नेहा की सास रही स्व कवल देवी के खिलाफ कई दिग्गजों ने प्रचार किया था। बावजूद वह चुनाव जीतने में सफल रही। वहीं अब बहू ने उसी मजबूती से चुनाव जीत विरोधियों को चारों खाने चित कर दिया है।

## नगर परिषद चुनाव को लेकर एसडीएम और एसडीपीओ ने बूथों का किया निरीक्षण

# सभी बूथों पर होगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था असामाजिक तत्वों पर रहेगी नजर: एसडीओ

- मातहतों को बूथों पर सुरक्षा व कर्मियों तथा मतदाताओं के लिए व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक तैयारी तेज हो गई है। इसी कड़ी में शनिवार को एसडीएम कुमार पंकज और एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने पोलिंग बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान नप क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर पहुंचकर शौचालय, बिजली, पहुंच पथ, रैंप आदि व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की गई, तथा मातहतों को बूथों पर सुरक्षा व कर्मियों तथा मतदाताओं के लिए व्यवस्था को दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया। वहीं बूथों के भौतिक सत्यापन के दौरान भौगोलिक इलाके तथा वहां मौजूद सुविधाओं की जानकारी भी दोनों पदाधिकारियों द्वारा ली गई। अनुमंडल प्रशासन किसी भी सूरत में इस चुनाव को शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने का प्रयास कर रहा है। यही कारण है कि समय रहते खुद निवार्ची पदाधिकारी व एसडीपीओ बूथों का निरीक्षण करने निकल पड़े। ताकि समय रहते जरूरी सुधार व सुविधाओं की बहाली कराई जा सकें।



### संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथ किए जा रहे चिन्हित

प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो इस चुनाव को शांतिपूर्ण निपटाने के लिए प्रशासन द्वारा बड़ी तैयारी की जा रही हैं। इसके तहत संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों की पहचान की जा रही है। इन बूथों पर सुरक्षा के और कड़े इंतजाम किए जाएंगे। ताकी उपद्रवी तत्व अपने मंसूबें में कामयाब नहीं हो सके। वहीं चुनाव को बाधित करने वाले राजनैतिक अपराधियों, तस्करों तथा कुख्यातों की सूची बनाई जा रही है। उनपर पुलिस नकेल कसेगी। ताकी वे चुनाव में बाधा न पहुंचा सकें।

### एसडीओ ने गिनाई मतदान केन्द्रों की सुविधाएं

बूथों के निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने कहा कि मतदान केंद्र पर मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखना हैं। मतदान केंद्र पर भवन, शौचालय, बिजली, पानी, पेयजल, रैंप आदि की व्यवस्था व चहारदीवारी अत्यंत जरूरी है। नप चुनाव के दौरान सरकार की ओर से जो भी मानक निर्धारित किए गये हैं, उसमें किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। वहीं एसडीपीओ ने शांतिपूर्वक चुनाव करवाने के लिए स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने तथा चुनाव के दौरान गड़बड़ी फैलाने वालों तथा उपद्रव करने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्वक और निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाना उनकी पहली प्राथमिकता हैं। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर है और सभी लोग पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें। मौके पर पुलिसकर्मियों के साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

### 9 जून को होगा मतदान

बता दें कि डुमरांव नगर परिषद में मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद तथा 35 वार्डों के वार्ड पार्षद पद के लिए 9 जून को मतदान होना हैं। इसके लिए कुल 85 बूथ बनाए गए है। पहली बार नगर परिषद के चेयरमैन व उप चेयरमैन का चुनाव सीधे जनता द्वारा किया जाना है। वही नगर परिषद के क्षेत्र को विस्तारित करते हुए 12 नयें गांवों को नगर परिषद क्षेत्र में शामिल किया गया है। जिस कारण इस बार के चुनाव में लोगों में विशेष उत्साह हैं। लोग पहली बार सीधे मुख्य पार्षद व उप मुख्य पार्षद चुनने के लिए उतावलें हैं। वही इस चुनाव को मिनी विधानसभा चुनाव के रूप में देखा जा रहा हैं। जिस कारण राजनैतिक सुरमाओं के अलावे कई धनबली भी पर्दे के पीछे से भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं। यही कारण है कि प्रशासन काफी चौकस हो गया हैं।

## एक नजर

### कॉमेडी वीडियो बनाने का झांसा दे युवती से जबरन शादी कर राजस्थान ले जाने की फिराक में थे आरोपी

**बक्सर।** कॉमेडी वीडियो बनाने की आड़ में मानव तस्करी करने वाले एक गिरोह के छह सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करने के साथ ही युवती को उनके चंगुल से मुक्त करा लिया है। आरोपियों में से एक उसकी मांग में जबरन सिंदुर भर उसे राजस्थान ले जाने की तैयारी में था। इसी दौरान मां की शिकायत पर सक्रिय हुई पुलिस ने आरोपियों को इटाढ़ी थाना क्षेत्र के पकड़ी मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से राजस्थान नंबर की एक गाड़ी भी बरामद हुई हैं। जानकारी के अनुसार कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र की एक युवती को कुछ लोगों ने बक्सर में कॉमेडी वीडियो बनाने की बात कह उसके घर स ले गए थें। चूकी युवती पहले भी कॉमेडी वीडियो बना चुकी थी। इसलिए परिवार के लोगों ने विरोध नहीं किया। लेकिन निर्धारित समय के बाद जब युवती को वे लोग नहीं लौटाएं तथा इसका मोबाईल बंद आने लगा तब उसकी मां चंद्रावती देवी ने एसपी मनीष कुमार को इस घटना की सूचना दी। एसपी की सूचना पर जिलेभर की पुलिस अलर्ट मोड में आ गई। इसी दौरान इटाढ़ी पुलिस ने पकड़ी मोड़ पर राजस्थान नंबर की एक गाड़ी को रूकवाया तो एक युवती उसमें रोते हुई मिली। पुलिस ने जब पूछताछ किया तो उसने बताया कि कॉमेडी वीडियो बनाने के नाम पर ये लोग मुझे लेकर आए थे। इसी दौरान राजस्थान के सीकर जिले के ढोलस गांव निवासी राकेश कुमार उसकी मांग में जबरन सिंदुर डाल दिया तथा ये लोग मुझे जबरन लेकर राजस्थान जा रहे हैं। पुलिस ने राकेश के साथ ही उसके भाई राजेन्द्र कुमार, जीजा राजेन्द्र, सुरेन्द्र, मुख्य साजिशकर्ता यूपी के बलिया जिला के रसड़ा निवासी संजय कुमार, सहयोगी सिकरौल थाना क्षेत्र के बैंकुंठपुर गांव निवासी हनुमान उपाध्याय को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में सभी ने अपना जुर्म कबूल लिया हैं। पुलिस की इस सफलता पर एसपी मनीष कुमार ने इटाढ़ी थानाध्यक्ष कमलनयन पांडेय व डीआईयू की टीम को बधाई दी हैं।

### संतों की धरती है दियारा क्षेत्र, यज्ञ से शुद्ध होता है वातावरण: अभिषेक राज ब्रह्मचारी



**सिमरी।** गंगा का तटवर्तीय इलाका साधु संतो को रास आती हैं। यह जगह तपस्या तथा अनुष्ठान के लिए अनुकूल हैं। इस इलाके में हमेशा से ही उच्चकोटि के संतों का निवास रहा हैं। उक्त बातें चर्चित संत श्री अभिषेक राज ब्रह्मचारी जी ने शनिवार को सहियार में कहा। वे यहा आयोजित हो रहे श्री शत चंडी महायज्ञ में शामिल होने आए थे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में हमेशा यज्ञ का आयोजन होते रहता है। इधर के लोग धार्मिक विचारों वाले होते है। ब्रह्मचारी जी ने कहा कि यज्ञ के आयोजन से वातावरण शुद्ध होता है तथा क्षेत्र के लोगों के तन मन पर इसका साकारात्मक असर पड़ता है। उन्होंने श्री शत चंडी महायज्ञ के आयोजन के लिए ग्रामीणों को धन्यवाद दिया और कहा कि तन, मन और धन से इस महायज्ञ को सफल बनाने में सैकड़ो ग्रामीण तत्पर है। उनके साथ गोपाल दास जी महाराज, युवा चेतना मंच के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोज उपाध्याय, ग्रामीण अजित कुमार ठाकुर समेत कई अन्य साधु संत उपस्थित थे। इसके पहले ब्रह्मचारी जी ने महायज्ञ मंडप की परिक्रमा की। उन्होंने कहा कि यज्ञ मंडल की परिक्रमा का विशेष लाभ मिलता है। वही दूसरी तरफ इस महायज्ञ के आयोजन से इलाके में भक्तिरस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही हैं। शनिवार को भी बड़ी संख्या में लोगों ने इस महायज्ञ में शामिल हो मंडप परिक्रमा व कथामृत का पान किया। जबकि यज्ञाचार्य के नेतृत्व में वैदिक ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार तथा हवनादि के साथ ही यज्ञ के विभिन्न कर्मकांडो को संपादित कराया गया। देर रात तक महायज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है।

### भाजपा बगेन मंडल की बैठक संपन्न, कार्यसमिति विस्तार पर हुई चर्चा



**ब्रह्मपुर।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी बगेन मंडल की कार्य समिति बैठक बगेन गोला पर मंडल अध्यक्ष उदय उज्जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता सत्येन्द्र मिश्र ने किया। इस बैठक में मंडल कार्य समिति के विस्तार पर चर्चा किया गया। कार्य समिति की शुरूआत राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम से एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यकताओं ने मंडल के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष उदय उज्जैन का जोरदार स्वागत किया गया। मंडल अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि मेरे उपर पार्टी ने जो दायित्व सौंपा है, उसका मैं निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की कोशिश करूंगा। इस मंडल के सभी पंचायत के हर गांवो के सक्रिय कार्यकताओं को दायित्व दिया जायेगा साथ ही साथ इस मंडल के वरीय नेता एव कार्यकर्ता जो 1980 से आज तक अपने खून पसीने से पार्टी को सिंचते आये है, उनको भी सम्मानित करने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बक्सर जिला के अंतिम छोर पर स्थित इस मंडल के अंतर्गत आनेवाले गांव के विकास के लिए भी स्थानीय सासंद सह केन्द्रीय राज्य मंत्री से विचार-विमर्श किया जायेगा। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष इन्द्रजीत बहादुर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस मंडल के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ा जायेगा। वरीय भाजपा नेता बिर बहादुर राय ने कहा कि इस मंडल मे भाजपा का कार्यालय खोल कर इस मंडल के आम जनमानस के कार्य को निष्पादित करने का भी कार्य किया जाये, जिससे आम जन मानस मे पार्टी के प्रति सहानुभूति बढ़े।

## सड़क दुर्घटना में बेहोश हुआ युवक मदद की बजाय चुरा ले गए बाइक

**केटी न्यूज/डुमरांव**

संकट में पड़े लोगों की मदद करने से बड़ो कोई धर्म नहीं है। लेकिन इसके उलट मुरार थाना क्षेत्र के मसर्हियां गांव के पास चोरी की एक शर्मनाक वाकए ने इलाके को कलंकित कर दिया है। हुआं यूं कि एक युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो बेहोश हो गया। लेकिन इस दौरान आस पास में मौजूद अज्ञात लोगों ने उसकी मदद करने तथा उसे अस्पताल पहुंचाने के बजाए उसकी बाइक ही चुरा ली।

बाद में जब युवक को स्वतः होश आया तो उसने देखा कि उसकी बाइक गायब है। इसके बाद वह मुरार थाने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार इसी थाना क्षेत्र के ठोरी पांडेयपुर गांव निवासी गोपाल यादव का पुत्र बृजमोहन यादव शुक्रवार को अपनी बाइक बीआर 03ए 5459 से अपने बहन के घर ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के कैथी गांव गया था। उधर से लौटने के दौरान जैसे ही वह मसर्हियां मोड़ के पास आया कि सामने से आ रही एक तेज रफ्तार स्कार्पियो के बचने के प्रयास में अनियंत्रित हो गया तथा वह बाइक समेत चाट में पलट गया। इस दुर्घटना में उसे गंभीर चोटें आई थी तथा वह कुछ देर के लिए बेहोश भी हो गया। लेकिन जब होश आया तो उसकी बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसकी बाइक नहीं मिली तो उसने मुरार थाने में मामला दर्ज कराया है। मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कोरानसराय में पेड़ से टकराई स्कॉर्पियो, तीन लोग घायल

- देर रात बारात से लौटने के दौरान चालक को आ गई थी झपकी, डायल 112 ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शुक्रवार की रात एनएच 120 पर कोरानसराय पेट्रोल पंप के पास देर रात बारातियों से लदी एक स्कार्पियो सड़क किनारे स्थित पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में स्कार्पियो में सवार तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय निवासियों की सूचना पर तत्काल पहुंची डायल 112 की पुलिस टीम ने सभी जख्मियों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां समाचार लिखे जाने तक तीनों का इलाज जारी था। बताया जाता है कि यह दुर्घना चालक को झपकी आने के कारण हुई। जख्मियों की पहचान नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के नवाडेरा गांव निवासी लल्लू यादव, विनोद यादव व आयुष कुमार के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार नवाडेरा के हरेन्द्र यादव के पुत्र की बारात शुक्रवार को मुरार थाना



क्षेत्र के मसर्हियां गांव में गई थी। बारात में शामिल गांव के ही कुछ युवक रात में खाना खाकर एक स्कार्पियो से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी कोरानसराय पेट्रोल पंप के आगे बढ़ी कि चालक को अचानक झपकी आ गई, इसी दौरान स्कार्पियो अनियंत्रित हो सड़क के दाहिने साइड स्थित पेड़ से टकरा गई। टक्कर की आवाज सुन आस पास में मौजूद लोगों ने डायल 112 पर फोन कर इस घटना की जानकारी दी। इसके बाद डायल 112 के एएसआई राजीव कुमार सिंह, चालक वीरेन्द्र प्रसाद, सिपाही राजीव पंडित व कुंदन कुमार मौके पर पहुंच जख्मियों को डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान उनके परिजनों को भी फोन कर जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही रात में ही परिजन अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच गए थे। कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जख्मियों का इलाज करवाया जा रहा है।

## पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ

# पल्स पोलियो अभियान आज से, 2.59 लाख बच्चे पीयेंगे दो बूंद जिंदगी के

- एक से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 760 टीम का गठन

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो से बचाने के लिए रविवार यानी 28 मई से पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। जिसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस क्रम में प्रखंडवार लक्ष्य का वितरण किया जा चुका



है। साथ ही, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। ताकि, अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो। इसके लिए जिला स्वास्थ्य समिति के वरीय पदाधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए जिलेवासियों से भी अपील की।

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह ने कहा, पोलियो भारत से खत्म हुआ है, दुनिया से नहीं। इसलिए जरूरी है कि जब तक दुनिया से पोलियो खत्म नहीं हो जाता अपने बच्चों को पोलियो की दो बूंद समय-समय पर सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश के आलोक में पिलायी जाती रहे। उन्होंने बताया पोलियो विषाणु से फैलने वाला एक संक्रमक रोग है। जो आम तौर पर एक से दूसरे को संक्रमित विष्ठा या खाने के माध्यम से फैलता है। इस रोग में बच्चों के पैर काफी कमजोर पड़ जाते हैं जिससे बच्चा चलने-फिरने से लाचार हो जाता है। इस बीमारी से बचाने के लिए शून्य ये पांच साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलानी जरूरी है।

### प्रतिदिन अभियान की होगी समीक्षा

डॉ. राज किशोर सिंह ने बताया, पल्स पोलियो अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के 2,59,513 बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए कुल 760 टीम गठित की गई है। जिसमें हाउस टू हाउस अभियान के लिए 623 टीम, 112 ट्रांजिट टीम, 13 मोबाइल टीम व 12 एक सदस्यीय टीम हैं। वहीं, अभियान की निगरानी के लिए 227 सुपरवाइजर प्रतिनियुक्त किए गए हैं। साथ ही, अभियान के लिए 43 सब डिपो बनाए गए हैं और 23 कोल्ड चेन हैंडलर को जिम्मेदारी दी गई। पांच दिवसीय अभियान की प्रतिदिन की रिपोर्ट शाम पांच बजे तक सौंपनी है। ताकि, प्रतिदिन अभियान की समीक्षा की जा सके। उन्होंने बताया कि बुखार से पीड़ित बच्चों के माता-पिता उसके ठीक होने के बाद पोलियो की खुराक दिला सकते हैं। उसके अलावा सर्दी खांसी या दस्त है तो भी उसे अवश्य यह दवाई पिलाएं। बच्चे के जन्म पर, छठे, दसवें व चौदहवें सप्ताह में पोलियो टीकाकरण करवाना चाहिए और 16 से 24 महीने की आयु में बूस्टर डोज दिया जाना अनिवार्य है।

# स्वास्थ्य कार्यक्रमों में आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण: डॉ. नरेश

**केटी न्यूज/मऊ**



जिला महिला चिकित्सालय के सभागार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व नोडल अधिकारी डॉ. भैरव पांडेय की अगुवाई में आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान डॉ. पांडेय और पीएसआई इंडिया के एजुकेटर केवल सिंह सिसोदिया ने प्रशिक्षण दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेश अग्रवाल ने बताया कि जच्चा-बच्चा मौत दर को कम करना टीकाकरण को बढ़ाना व अन्य स्वास्थ्य सेहत कार्यक्रमों को सही ढंग से लागू करने के लिए आशा कार्यकर्ता की भूमिका काफी अहम होती है। इस दौरान आशा कार्यकर्ता को परिवार नियोजन के साधनों, नवजात शिशु का भार तौलने, हाथ धोने व विभिन्न बीमारियों से बच्चों के बचाव व संभाल संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।

नोडल डॉ भैरव कुमार पांडेय ने सभी आशा को निर्देशित किया कि अंतरा लाभार्थी से संबंधित सेवा देने वाली आशा की सूची तैयार कर लें। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत सरकार की एक स्वास्थ्य योजना है। इसके तहत सरकार आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड लोगों को प्रदान करती है। इस योजना के तहत आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर नागरिक अस्पतालों में जाकर सरकारी खर्चे पर अपना इलाज करवा सकते हैं।

पीएसआई इंडिया के केवल सिंह सिसौदिया ने बताया कि आशाओं को सभी मीटिंग और सभी गतिविधियों में समय से उपस्थित होना एवं अपनी ड्रेस में आना अनिवार्य है। सभी मीटिंग में आशाओं को आशा डायरी लेकर आना जरुरी है। जिससे कि आशा डायरी से संबंधित उनके जो भी समस्या है उसे दूर किया जा सके। चाहे वह परिवार नियोजन या टीकाकरण कार्यक्रम की ड्यू लिस्ट हो वह भी अपडेट किया जा सके। इस प्रशिक्षण में सभी आशाओं को ट्विटर अकाउंट भी बनवाया गया। जिससे कि जितनी भी हम सभी गतिविधियां करते हैं उसे ट्विटर पर लोड और उसे लाइक शेयर करें। निर्देशित किया गया कि जितनी भी सीएमओ ऑफिस और डीपीएमयू के ट्विटर अकाउंट से जो भी पोस्ट किया जायेगा उसको वह ज्यादा से ज्यादा लाइक और शेयर करें।

पीएसआई इंडिया की प्रियंका सिंह ने सभी आशाओं को स्वास्थ्य केंद्र पर होने वाली गतिविधियो जैसे की अंतराल दिवस, खुशहाल परिवार दिवस, किशोर किशोरी दिवस हो या फिल्ड एक्टिविटी जैसे यूएचएनडी, महिला आरोग्य समिति की बैठक, उसमें अपनी फील्ड से लाभार्थियों को लाना सुनिश्चित करें। जिससे कि सभी गतिविधियों में ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों को फायदा मिल सके। यूनिसेफ की रजिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 मई 2023 से पोलियो अभियान शुरू हो रहा है और हम सबको इसे सफल बनाने के लिये मिल कर प्रयास करना होगा।

## कार के धक्के से बाइक सवार घायल, हालत गंभीर

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के फेफना-रसड़ा मार्ग पर एकौनी गांव के सामने स्विफ्ट डिजायर कार के धक्के से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सुचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार एकौनी निवासी नंदू सिंह (43) पुत्र श्याम नारायन सिंह बाइक से रसड़ा की तरफ से शनिवार को दोपहर आ रहे थे। वह जैसे ही अपने गांव एकौनी के सामने पहुंचे कि विपरीत दिशा से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह ने घायल नंदू सिंह को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उनको वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। नंदू सिंह की हालत गंभीर बनी हुई। घटना के बाद नंदू के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो इसके लिए परिजन चिंतित हैं। इधर, घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि वाहन चालक की शनिाख्त की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

### छात्र नेता की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री ने सरकार पर साधा निशाना

# लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन कर रही है प्रदेश सरकार: अखिलेश यादव

**केटी न्यूज/बलिया**





केंद्र और यूपी की डबल इंजन की सरकार देश मे लोकतंत्र को खत्म करने में लगी हुई हैं। उक्त बातें शनिवार को बलिया में पिछले दिनों हुई छात्र नेता हेमंत यादव की हत्या के बाद छात्र नेता को उनके पैतृक गांव धड़सरा में श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे सपा प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों से कही। शनिवार को अपराह्न करीब 2.20 बजे हेलीकॉप्टर से पहुंचे सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने छात्र नेता हेमंत यादव के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद अखिलेश यादव ने दिवंगत छात्र नेता के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया तथा न्याय दिलाने की बात कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार देश से लोकतंत्र को खत्म करने पर तुली हुई है। प्रदेश सरकार पर बरसते हुए उन्होंने कहा कि छात्र नेता हेमंत यादव की हत्या सत्ता के इशारों पर की गई है। सत्ता के संरक्षित गुंडो के द्वारा उभरते हुए छात्र नेता की हत्या की गई है। बलिया में पिछले सत्ता के संरक्षित लोगो के उत्पीड़न से आजिज आ कर एक व्यापारी नन्दलाल गुप्ता ने आत्महत्या कर ली।सरकार बताए कि इन संरक्षित आपराधियों को कौन पाल पोष रहा है। पूरे यूपी में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। पुलिस के सुरक्षा में अपराधी लोगो की हत्याएं कर रहे हैं।

**■ सत्ता के इशारों पर ही की गई छात्र नेता हेमंत यादव की हत्या**

उन्होंने बेरोजगारी पर सरकार को घेरते हुए कहा कि एक भी नौकरी युवाओं को नही मिली है।जबकि भाजपा सरकार हर साल लाखों युवाओं को रोजगार देने का वायदा की थी। नए संसद भवन के उद्घाटन में न जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि कितना भी बड़ा भवन बना लीजिए लेकिन जब तक लोकतंत्र के मूल्यों को नही संजोया जाएगा तब तक भवन बन जाने से कोई फायदा नही होगा। भाजपा सरकार पिछड़ो एवं दलितों का आरक्षण को खत्म करना चाहती है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि दिल्ली में केंद्र सरकार विधेयक ला कर लोकतंत्र का गला घोंट रही है। जिसका हम लोग विरोध करेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में हम भाजपा को बुरी तरह से पराजित करेंगे। मौके पर पूर्व मंत्री रामगोविंद चौधरी, अम्बिका चौधरी, मो.जियाउद्दीन रिजवी ,नारद राय, राजमंगल यादव, सनातन पांडेय, रामजी यादव, देवनारायण यादव, विवेक सिंह, अंनत मिश्र, हिरामन यादव, भीष्म यादव सहित सैकड़ों सपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**25 मिनट तक चली वार्ता:** शनिवार को दिवंगत छात्र नेता हेमंत यादव के परिजनों से सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने करीब 25 मिनट तक बंद कमरे में वार्ता की।छात्र नेता की मां ने रोते हुए न्याय की गुहार लगाई तो अखिलेश यादव ने पूरी तरह से मदद करने और हर संभव न्याय दिलाने की बात कही।

## योग उत्सव कार्यक्रम के तहत जेएनसीयू में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**केटी न्यूज/बलिया**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस- 2023 के आयोजन के क्रम में जेएनसीयू द्वारा 3 मई से 21 जून तक ग्रीष्मकालीन योग शिविर का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में विद्यार्थियों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में 'योग उत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता के संरक्षण में 'योग और स्वास्थ्य' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में 5 विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। डॉ. गुंजन व डॉ. अभिषेक त्रिपाठी के संयोजन में आयोजित काव्य एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम वैभव द्विवेदी, द्वितीय सूफिया परवीन व तृतीय प्रियंका यादव रहे।

डॉ. रामसरन एवं डॉ. प्रज्ञा बौद्ध के संयोजकत्व में आयोजित भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम मो. खालिद, द्वितीय सुमित सिंह व तृतीय खुशबू वर्मा रहे। डॉ. छबिलाल एवं डॉ. अभिषेक त्रिपाठी के संयोजकत्व में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में प्रथम प्रियंका यादव, द्वितीय वैभव द्विवेदी व तृतीय सूफिया परवीन रहे। सौम्या तिवारी व डॉ. संध्या के संयोजकत्व में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम खुशबू, द्वितीय सुहानी पाण्डेय व तृतीय श्वेता रहे। डॉ. अखिलेश के संयोजकत्व में आयोजित योगासन प्रतियोगिता में प्रथम अनामिका सिंह, द्वितीय यश पाण्डेय व अश्विनी संयुक्त रूप से व तृतीय रश्मि तिवारी रहे। इस पंचदिवसीय कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. प्रियंका सिंह को बनाया गया था। डॉ. पुष्पा मिश्रा, निदेशक, शैक्षणिक के नेतृत्व में विवि के प्राध्यापकों ने प्रतियोगिताओं में सहभाग करने वाले तथा विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।

## पीजी कॉलेज में छात्र-छात्राओं के बीच टैबलेट वितरण

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत टेबलेट-स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम के तहत तकनीकी शिक्षा एवं शोध संस्थान, पीजी कॉलेज गाजीपुर के सभागार में टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के एमबीए एवं एमसीए के कुले 92 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सपना सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत गाजीपुर ने मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्ष के महाविद्यालय में आगमन पर अजीत कुमार सिंह, अपर महाधिवक्ता, प्रबंधक पीजी कालेज गजीपुर ने हर्ष प्रकट किया और समस्त लाभार्थी छात्र छात्राओं को बधाइयां प्रकट की। प्रबंधक ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण और पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया एवं समस्त अतिथिगण का आभार प्रकट किया।

## थाना दिवस पर फरियादियों ने लिखित रूप में दी अपनी-अपनी शिकायतें

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



शासन के निर्देश पर चतुर्थ शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में थाना कोतवाली जमानिया में उपस्थित फरियादियों की फरियाद सुनी गई। साथ ही शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया। थाना दिवस पर कोतवाली जमानिया में 10 फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतों को लिखित रूप में दिया। जिसमें से एक का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष आवेदन का निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारी को दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओं के विरूद्ध एन्टी भू माफिया एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए कड़ी कार्रवाई करे और गरीबों के पट्टे आदि की भूमि पर बार-बार कब्जा करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल तत्काल भेजा जाए।

उन्होंने निर्देश दिया कि लेखपाल एवं हल्का सिपाही आपसी सामन्जस्य स्थापित करते हुए एक-दूसरे का मोबाइल नम्बर अपने पास रखे तथा टीम बनाकर प्राप्त शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करे। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि शिकायतों का निर्धारित समय में निस्तारण न किए जाने पर सम्बन्धित लेखपाल एवं सिपाही पर अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मौके पर उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, लेखपाले एवं अन्य अधिकारीगण

### रामपुर- बच्छलकापुरा पीपा पुल के क्षतिग्रस्त एप्रोच का मरम्मत कार्य पूरा

# लंबी दूरी तय करने से मिली मुक्ति, बाइक के लिए खोला गया पुल

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



रेवतीपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के पास गंगा नदी पर स्थित रामपुर-बच्छलकापुरा पीपा पुल के क्षतिग्रस्त एप्रोच की शनिवार को मरम्मत होते ही चार दिन बाद शनिवार को बाइक व पैदल सवार के लिए इसे शुरू कर दिया गया है। इससे क्षेत्रीय लोगों ने सुकून महसूस किया है। जबकि चार पहिया वाहन व अन्य ट्रैक्टरों के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि अभी लोहे के गार्डर सही तरीके से नहीं लगाए गए हैं। उधर चार पहिया वाहन न चलने से लोगों को तमाम तरीके की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। लोगों को अनावश्यक काफी लम्बी दूरी घंटों में तय कर गाजीपुर घाट से आना पड़ रहा है। जबकि इस समय शादी -विवाह का सीजन भी चल रहा है। बीते मंगलवार की भोर में पीपा पुल का एप्रोच पानी के तेज बहाव के चलते गंगा में बह गया था। इससे आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया था। क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि सबसे बड़ी परेशानी यह है कि पीपापुल का एप्रोच गंगा की तेज धारा व सही देखभाल न होने से आए दिन कट जा रहा है, जो पहले भी कई बार हो चुका है।

सबकुछ जानते हुए भी विभाग इसे लेकर गंभीर नहीं है, और न ही कोई ठोस कदम उठा रहा है। इस पीपापुल के एप्रोच के समीप गंगा का काफी तेज बहाव है।लोगों ने कहा कि एप्रोच की मरम्मत के लिए पीपे की संख्या को बढ़ाया जाता है, तो तेज प्रवाह के चलते दो चार दिन में ही एप्रोच क्षतिग्रस्त हो जा रहा है।लोगों ने बताया कि इसका एप्रोच टूटने के बाद नाविकों की चांदी हो जाती है, जो मनमाना किराया लोगों से वसूलते हैं। इस पीपापुल से रेवतीपुर व मुहम्मदाबाद क्षेत्र के तमाम लोगों का आवागमन होता है। इस पार बड़े पैमाने पर किसानों के द्वारा खेती भी की जाती है। इस सम्बन्ध में लोनिवि खंड तृतीय के अवर अभियंता महेंद्र मौर्या ने बताया कि एप्रोच की मरम्मत होने के बाद दो पहिया व अन्य पैदल राहगीरों के लिए इस पीपापुल को खोल दिया गया है। जल्द ही चार पहिया वाहनों का भी संचालन शुरू करा दिया जाएगा।

## एक नजर

### होटल में पुलिस ने मारी छापेमारी, पुलिस हिरासत में महिला व पुरुष समेत 14 जोड़े



**मऊ।** कोतवाली थाना क्षेत्र के सहादतपुरा रोडवेज के बगल में स्थित राधा कृष्ण होटल पर देह व्यापार की पुलिस को सूचना मिली तो अचानक शनिवार की अपराह्न लगभग 12 बजे पुलिस जनपद की 4 थानों की महिला पुलिसकर्मियों को लेकर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुरुष और महिलाएं सहित 14 जोड़ें तथा देह व्यापार कराने में सम्मिलित दो होटल के कर्मी को हिरासत लेकर पुलिस द्वारा कोतवाली लाया गया। क्षेत्राधिकारी धनंजय मिश्रा ने बताया कि 2022 में भी इस होटल की शिकायत पर छापेमारी के दौरान चार जोड़ों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस द्वारा वैधानिक कार्रवाई कर होटल मालिक को चेतावनी भी दिया गया था। लेकिन शनिवार को अपराह्न 12:00 बजे के करीब पुलिस को सूचना मिली कि देह व्यापार का मामला राधाकृष्ण होटल में चल रहा है। पुलिस ने कई थानों के महिला पुलिस को एकत्रित कर अचानक छापेमारी की तो 14 जोड़ों तथा दो होटल के कर्मियों को गिरफ्तार कर कोतवाली लाया गया है। होटल मालिक पर कार्रवाई करते हुए होटल का लाइसेंस रद्द करने गया प्रक्रिया चल रहा है।

### शिकायतों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण करें अधिकारी : जिलाधिकारी



**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार व पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने शनिवार को संयुक्त रूप से थाना समाधान दिवस पर थाना दक्षिण टोला में जन सुनवाई की। उन्होंने थाना समाधान दिवस पर आई शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान अधिकतर शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थी। जमीन विवादों से जुड़ी कुछ शिकायतों में भू माफियाओं की संलिप्तता का संदेह होने पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर एवं सीओ सिटी को इन मामलों की गहनता से जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान कुछ शिकायतें सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर भी आई जिसके संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित लेखपालों को तत्काल मौके पर जाकर पुलिस के सहयोग से अवैध कब्जा खाली कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी शिकायतकर्ताओ की शिकायतें सुनी एवं मौके पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर सभी शिकायतो के गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री अविनाश पांडेय के अलावा उप जिलाधिकारी सदर आनंद कनौजिया, सीओ सिटी धनंजय मिश्रा सहित संबंधित थाने के सभी अधिकारी एवं क्षेत्र के सभी लेखपाल मौके पर उपस्थित थे।

### ग्रामीण स्तर पर 18 घंटे के सापेक्ष लगभग 17:30 घंटे की जा रही बिजली आपूर्ति



**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में बिजली विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक कैंप कार्यालय स्थित सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता विद्युत ने बताया कि जनपद में जिला मुख्यालय स्तर पर 24 घंटे के सापेक्ष लगभग 23:30 घंटे, तहसील स्तर पर 21:30 घंटे के सापेक्ष लगभग 20:30 घंटे तथा ग्रामीण स्तर पर निर्धारित 18 घंटे के सापेक्ष लगभग 17:30 घंटे की बिजली आपूर्ति दैनिक रुप से की जा रही है। विद्युत चोरी को रोकने हेतु नियमित रूप से अभियान चलाए जा रहे हैं। पिछले वर्ष के लगभग 25 प्रतिशत विद्युत हानि के मुकाबले इस वर्ष लगभग 23 प्रतिशत विद्युत हानि का अनुमान है। इसके अलावा एक से 26 मई 2023 के मध्य विद्युत कार्यशाला केंद्र मऊ से 184 मरम्मत हो चुके अथवा नए ट्रांसफार्मरों को विभिन्न वितरण खंडों को निर्गत किया गया। जनपद स्तर पर एक कंट्रोल रूम भी स्थापित है, जिसका हेल्पलाइन नंबर 0547-2228466 है जो 24 घंटे क्रियाशील है।साथ ही विद्युत आपूर्ति संबंधित कोई शिकायत टोल फ्री नंबर 1912 पर लंबित नहीं है। जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं, तत्काल संज्ञान में लेकर उनका निराकरण कर दिया जाता है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने ट्रिपिंग की समस्या को, विशेषकर औद्योगिक क्षेत्रों में तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने विद्युत चोरी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु स्थानीय पुलिस की मदद से लगातार अभियान चलाने को भी कहा। जिलाधिकारी ने जर्जर तारों एवं खंभों को भी बदलने के निर्देश दिए। जिससे बार-बार ट्रिपिंग की समस्या से छुटकारा मिल सके।

### जहर खुरानी गिरोह का शिकार हुआ युवक

**मऊ।** बेंगलुरु से घर वापस आ रहे अजय उर्फ गुड्डू बीच रास्ते में ही जहरखुरानी के शिकार हो गए। जिसकी वजह से वह मऊ नहीं पहुंच पाए। जिससे उनके घर पर कोहराम मच गया। बताया जाता है कि अजय उर्फ गुड्डू पुत्र शिव वचन राम हलधरपुर थाना क्षेत्र के जमालपुर ग्राम पंचायत के निवासी हैं। वह बंगलुरु में रहकर के कमाता खाता था। 23 मई को मैसूर से वाराणसी आने वाली ट्रेन में बेंगलुरु स्टेशन से चढ़कर अपने घर आ रहा था। इस बीच रास्ते में ही वह जहरखुरानी गिरोह के शिकार बन गया। जिसकी वजह से उसकी यात्रा बाधित हो गई और वह बदहवासी के आलम में नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन पर उतर गया। जब वह निर्धारित समय पर घर नहीं पहुंचा तो घरवाले चिंतित हो गए। उसका मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा था। परेशान हाल परिजन उनकी तलाश में दादर ट्रेन पकड़ कर के नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन पहुंच गए। जहां पर वह अंतिम बार देखा गया था। घर से गए उनका पुत्र अरुण और उनके मित्र रोहित और राजेश एक टेंपो रिजर्व करके वहां आसपास के इलाके में खोज बिन कर रहे थे। तभी वह लोवर पहनकर घूमते हुए दिख गया। उसको पकड़कर जीआरपी थाना नरसिंहपुर लाया गया। वह पूरी तरह से बदहवासी के आलम में था। घटना के बारे में वह कोई जानकारी नहीं दे पा रहा था। परिजन उसे नहला धुला कर संघमित्रा ट्रेन से बक्सर के लिए रवाना हो गए। रविवार के दोपहर तक उसके घर पहुंचने की संभावना है। अजय के मिल जाने से घरवालों ने राहत की सांस ली है।

### बोलेरो की टक्कर से युवक की मौत

बलिया। रेवती बैरिया मार्ग पर स्थित रेवती थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव के समीप शुक्रवार की रात बोलेरो की टक्कर से साइकिल सवार दो लोग घायल हो गये। आस-पास के लोगों ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान शनिवार की सुबह एक की मौत हो गयी। वहीं, दूसरे को गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रेवती थाना क्षेत्र के मूनछपरा गांव निवासी सुरेश सिंह व द्वारिका यादव लक्ष्मीपुर में एक व्यक्ति के यहां निमंत्रण में गए थे। साइकिल से दोनों लोग मूनछपरा आ रहे थे, तभी तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दिया। इससे सुरेश सिंह व द्वारिका यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान शनिवार की सुबह सुरेश की मौत हो गयी। वहीं द्वारिका यादव की हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। हादसे से सुरेश सिंह के परिजनों में कोहराम मचा है।